<u>महाविद्यालय परिसर रहा वाहन मुक्त</u>

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने पर्यावरण के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक अनूठी पहल की है जिसके अंतर्गत आज महाविद्यालय परिसर पूर्णतः 'वाहन मुक्त' रहा और इसे 'हरित दिवस' के रूप में अंकित किया गया। यह पहल दिनांक 03 दिसम्बर 2018 को शुरू हुई थी और आज यह दूसरा हरित दिवस(07-01-2019) है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के 'आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ' के सुझाव व प्रबंध समिति तथा महाविद्यालय प्रशासन के निर्णय अनुसार प्रत्येक महीने का प्रथम सोमवार कॉलेज परिसर वाहन मुक्त रहेगा। इस दिन विद्यार्थियों व कर्मचारियों से लेकर प्राध्यापक, प्राचार्य और प्रबंध समिति के सदस्य भी अपने वाहन महाविद्यालय परिसर के भीतर नहीं लाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों व समुदाय में इससे यह सन्देश जाएगा कि पर्यावरण प्रदूषण के प्रति हम सबको मिलकर ऐसे छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे तभी बड़ी सफलता मिल सकेगी। प्रदूषण के खतरों व समस्याओं से हम सब प्रभावित हैं तो समाधान भी हमें ही निकलना होगा। प्राचार्य जी ने सभी विद्यार्थियों व कर्मचारियों और प्राध्यापकों के सहयोग की सराहना करते हुए सबका आभार व्यक्त किया। पर्यावरण सम्बंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए महाविद्यालय में पर्यावरण क्लब एवं ऊर्जा संरक्षण क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को इस बारे में जागरूक किया गया। महाविद्यालय कार्यालय की तरफ से भी सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को ई-मेल तथा एस० एम० एस० के माध्यम से इस पहल की पूर्व सूचना दे दी गयी थी। पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को

सजग करने के लिए साइकिल पर आने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्रशासन की ओर से वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।